## संक्षिप्त

### तीन उम्मीदवारों ने नामांकन भरे

**टोंक,** (निसं)। लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत मंगलवार को टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा सीट के लिए कुल तीन उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया है। सांख्यिकी प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी अशोक कुमार बंसीवाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव-2024 में टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा सीट के लिए बीजेपी से सुखबीर सिंह जौनपुरिया, भीम ट्राईबल कांग्रेस से जगदीश प्रसाद शर्मा एवं निर्दलीय प्रत्याशी जसराम ने अपना नामांकन दाखिल किया।

### जिला शिकायत समिति का गठन

**टोंक,** (निसं)। लोकसभा चुनाव-2024 में पुलिस, एसएसटी, एफएसटी द्वारा की गई जब्ती की कार्यवाही का समाधान करने के लिए जिला शिकायत समिति का गठन किया गया है। चुनाव व्यय व अनुवीक्षण प्रकोष्ठ के सह प्रभारी ने बताया कि जिला शिकायत समिति की बैठक प्रतिदिन प्रातः 11 बजे मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद टोंक कार्यालय में रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि अपीलार्थी अधिक जानकारी के लिए जिला कोष कार्यालय में व्यक्तिगत संपर्क कर सकते है।

### हैण्डपंप मिस्त्री संघ की बैठक

**बौंली,** (निसं)। मलारना डूंगर एवं बौंली उपखंड के ग्राम पंचायत हैंडपंप मिस्त्री संघ की बैठक बौंली मुख्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन किया गया बैठक के दौरान सभी की सहमति से राम अवतार मीणा निवासी कोडियाई को अध्यक्ष, चंद्र प्रकाश पुरविया निवासी मलारना चौड को उपाध्यक्ष, दिनेश चंद्र शर्मा निवासी लाखनपुर कोषाध्यक्ष एवं बसराम मीणा को महामंत्री बनाया गया है। कार्यकारिणी का विस्तार आगामी 5 अप्रैल शुक्रवार को मलारना डूंगर उपखंड मुख्यालय के बालाजी पर आयोजित बैठक में किया जाएगा।

### रामलला के दर्शनों के लिए यात्री रवाना

**निवाई,** (निसं)। निवाई से अयोध्या, मथुरा, वाराणसी, प्रयागराज, गोवर्धन द्वितीय यात्रा के लिए जत्था रवाना हुआ। इस दौरान अयोध्या में भजन संकीर्तन करके भगवान रामलला का दर्शन करके सुख समृद्धि की मनोकामना की जाएगी। इस दौरान यात्रियों में भगवान रामलला के दर्शनों को लेकर भारी उत्साह बना हुआ था। जत्थे में श्रद्धालु मंयक, धर्मेश, देवकरण गुर्जर, दिनेश जैन, विमला पारीक, राधागोपाल पारीक, शिवचरण टेलर, रीना पारीक, कन्हैयालाल सैन, पवन सैन व शंकरलाल जायसवाल सहित कई यात्री मौजूद थे।

### अवैध शराब सहित एक जना गिरफ्तार

**निवाई,** (निसं)। अवैध देशी शराब के साथ एक आरोपी को अलियाबाद मोड से गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी हरिराम ने बताया कि रिको क्षेत्र में अलियाबाद मोड पर एक व्यक्ति के पास अवैध शराब होने की जानकारी मिली। पुलिस अलियाबाद मोड पर पहुंची तो वहां पर एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। इस पर उसकी तलाशी ली। आरोपी सोनू सांसी के पास से 10 बोतल बियर व 48 पव्वे देशी शराब के मिले।

# भाजपा प्रत्याशी जौनापुरिया ने तीसरी बार नामांकन दाखिल किया



टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा प्रत्याशी सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया के नामांकन के बाद आयोजित आमसभा में भारी भीड़ रही।

■ मोदी की विकास योजना से इस बार हम 400 पार करेंगे : दिया कुमारी

**टोंक,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा प्रत्याशी सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया ने तीसरी बार लोकसभा प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर जौनापुरिया ने कहा कि मोदी के सुशासनकाल में मुझे तीसरी बार यह अवसर प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा क्षेत्र का 2014 से पहले का विकास आंकलन कर लिजीये पिछले 10 सालों जितना विकास व विकास की योजना दिखाई देंगी वह भाजपा की देन है, कांग्रेस कही भी टिक नहीं पा रही है। नामांकन दाखिल करने के अवसर पर राजस्थान सरकार में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, जिला अध्यक्ष अजीत सिंह मेहता, टोंक की जिला प्रमुख सरोज बंसल साथ रहे।

इसके पश्चात गांधी खेल मैदान में एक विशाल आम सभा का आयोजन किया गया जिसमें इसमें राजस्थान सरकार की उपमुख्यमंत्री राजकुमारी दिया मुख्य अतिथि रही तथा सभा को संबोधित करते हुए मोदी की बात अबकी बार 400 पार को एक संकल्प के रूप में लेकर पूरा करने को राष्ट्र की तरक्की एवं उन्नति के लिए आवश्यक बताया।

टोंक भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता, सवाईमाधोपुर जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित सभी गणमान्यों द्वारा उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का 51 किलो की माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।

सभा को सम्बोधित करते हुए जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि देश विश्व की ग्यारहवी अर्थव्यवस्था हुआ करता था लेकिन मोदी सरकार के प्रयासों से आज देश विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, आज विश्व में सबसे ज्यादा गरीब के लिए कल्याणकारी योजनाएं मोदी सरकार ने चालू कर रखीं हैं, आज हर घर नल हर घर जल योजना के द्वारा मोदी सरकार हर घर तक शुद्ध पीने का पानी पहुंचा रही है।

जितेंद्र गोठवाल ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि जनधन योजना के कारण पूरा पैसा जनता के खाते तक सीधा पहुंच रहा है और यह संभव हुआ है हमारे प्रधानमंत्री मोदी की दृढ इच्छा शक्ति से, गोठवाल ने कहा कि आज तक राम मंदिर का संघर्ष किया संघर्ष को साकार किया हमारे देश के प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी ने। लोकसभा संयोजन नरेश बंसल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 2026 में देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा और यह सब संभव होगा आपका वोट की ताकत से इसलिए मेरा आप सबसे निवेदन है कि भारतीय जनता पार्टी को वोट देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी को और अधिक मजबूत बनाना है, जिला प्रमुख सरोज बंसल ने फिर से भाजपा सरकार का संकल्प दोहराने का आग्रह उपस्थित जन समुदाय से किया। कार्यक्रम के अंत में भारतीय जनता पार्टी टोंक के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह मेहता ने सभा में पधारे हजारों जनसमूह का आभार प्रगट किया। सभा को निवाई विधायक रामसहाय वर्मा, राजेंद्र मीणा, मानसिंह गुर्जर, टोंक उनियारा से पूर्व विधायक राजेंद्र गुर्जर भाजपा विधायक प्रत्याशी विजय बैंसला आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर प्रधान नरेंद्र चौधरी, सवाईमाधोपुर मीडिया संयोजक सुरेन्द्र शर्मा, कृष्णा पोसवाल, मंजू गुर्जर, शशिकला मीणा, माधोपुर जिला उपाध्यक्ष कमल मीणा, मीरा सैनी, हनुमत दीक्षित विजय गुर्जर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष राजकुमारी शर्मा, आशा शर्मा पूर्व प्रधान जगदीश गुर्जर खेमराज मीणा भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान जिला अध्यक्ष राजेंद्र पुराना, ओम पांडे विष्णु शर्मा प्रभु बाड़ोलिया राजेश शर्मा श्री शैलेंद्र जैन, अजमेर संभाग से संयोजक सोशल मीडिया जूली शर्मा महिला मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीमती बिना जैन, प्रिय वीर सिंह , विष्णु चावला, भवानी सैनी अंकित शर्मा, विश्वजीत, गिरधारी नकवाल, रौनक जैन, विजय राज सिंह नरुका, रमेश गढ़वाल सहित अथाह जन समूह ने भाग लिया।

### कांग्रेस प्रत्याशी आज नामांकन दाखिल करेंगे

**टोंक,** (निसं)। टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए कांग्रेस के प्रत्याशी हरीश मीणा आज भूतेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना के साथ मंदिर प्रांगण में नामांकन सभा के बाद, नामांकन रैली के रूप में मुख्य बाजार होते हुए अपना नामांकन पत्र प्रातः 11बजे जिला कलेक्टर कार्यालय में दाखिल करेंगे।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा ने बताया कि इसमें मुख्य रूप से कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव छत्तीसगढ़ प्रभारी टोंक विधायक सचिन पायलट, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया, विधायक प्रशांत शर्मा, जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी, विधायक रामनिवास गावड़िया, विधायक मुकेश भाकर, विधायक इंदिरा मीणा, रामकेश मीणा विधायक सुरेश मोदी, गजराज खटाना, इंद्राज गुर्जर, अशोक बैरवा, प्रशान्त बैरवा, दानिश अबरार, घांसीलाल चौधरी के अतिरिक्त प्रदेश स्तरीय वरिष्ठ नेता तथा पूर्व सांसद स्थानीय जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ कांग्रेस जन , अग्रिम संगठन प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष ,ब्लॉक अध्यक्ष गण, मंडल अध्यक्ष गण ,समस्त कांग्रेस जन उपस्थित रहेंगे।

# व्यापारी ने खुद के हाथों से नाली साफ कर खोली सफाई की पोल



किशनगढ़ बास के बाजार में व्यापारी ने नाली साफ कर गंदगी बाहर निकाली।

■ आठ लाख हर महीने खर्च करने के बाद भी बाजार की नाली गंदगी से भरी रहती हैं

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। करीब आठ लाख रुपए प्रति माह सफाई पर पालिका खर्च कर रही है। दूसरी तरफ व्यापारी खुद अपने हाथों से नालियों की सफाई कर रहे हैं। इससे साफ होता है किशनगढ़ बास में पालिका का काम केवल केवल सफाई का टेंडर छोड़ना है।

किशनगढ़ बास के मुख्य बाजार में नालियों की सफाई 15 दिन में एक बार की जाती है। इस बार होली का अवकाश होने पर नालियों की सफाई नहीं होने से नालियां कचरे से भर जाने पर नालियों का गंदा पानी सड़क पर आने लगा तो व्यापारी को खुद अपने हाथों से नाली की सफाई कर कचरा निकालना पड़ा। नाली से गंदगी बाहर निकालते व्यापारी व नगर पालिका की सफाई व्यवस्था की पोल खोलती वीडियो क्लिप वायरल होने पर भी नगर पालिका अधिकारियों की आंखें नहीं खुली। भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत वार्ड 1 से 25 तक को ओडीएफ प्लस घोषित किए जाने के लिए खुले में शौच वह मूत्र करते पाए जाने पर पालिका ने जुर्माने का प्रावधान कर आम सूचना जारी की। लेकिन शहर में बिगड़ी सफाई व्यवस्था को लेकर ध्यान नहीं है। जबकि पालिका अध्यक्ष से लेकर पार्षदों की दुकानें है। इसके बाद भी गंदगी से भरी नालियों की अनदेखी की जा रही है। सोमवीर सेन ने बताया कि मंगलवार को सुबह जब व्यापारी दुकान खोलने आया तो सड़क के बीचों-बीच से जा रही नाली कचरे से भरी थी नाली का पानी सड़क पर आ रहा था। नाली की सफाई की और कचरे को बार निकालकर पानी को खोला। सड़क के बीच बनी नाली में अनेकों बार चलते राहगीर बच्चे पैर जाने पर गिर जाते हैं। नाली पर कवर लगवाने के लिए पालिका में कहा गया लेकिन किसी ने सुनवाई नहीं की है।

# अमीन पठान को जमानत मिली

**जयपुर,** (निसं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने वन विभाग की टीम के साथ राजकार्य में बाधा और मारपीट करने के प्रयास से जुड़े मामले में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे कांग्रेस नेता अमीन पठान को जमानत पर रिहा करने की आदेश दिए हैं। जस्टिस प्रवीर भटनागर की एकलपीठ ने यह आदेश आरोपी अमीन पठान की जमानत याचिका को स्वीकार करते हुए दिए। अमीन पठान को गत 17 मार्च को कोटा के अनंतपुरा थाना पुलिस ने वन विभाग के रेंजर की शिकायत पर गिरफ्तार किया था।

वन विभाग के रेंजर संजय नागर ने 16 मार्च को थाने में शिकायत दी थी। जिसमें कहा था कि वन विभाग की टीम, राजस्व विभाग और यूआईटी व पुलिस के साथ अनंतपुरा गांव में सीमांकन करने गई थी। जहां पर अमीन पठान का वन विभाग की जमीन पर फार्म हाउस बना हुआ है। इस फार्म हाउस का भी सर्वे किया गया और लाल निशान लगा दिए गए। यहां सीमांकन के बाद पत्थरगढ़ी करनी थी।

इस दौरान अमीन पठान और उसकी पत्नी सहित एक दर्जन से अधिक लोग आए और उन्होंने गाली गलौज करनी शुरू कर दी। जब टीम ने उसका विरोध किया तो उनसे हाथापाई करने की भी कोशिश की। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 17 मार्च को अमीन पठान को गिरफ्तार किया था। जमानत अर्जी में अधिवक्ता वीआर बाजवा ने कहा की एफआईआर से स्पष्ट है कि टीम राजकार्य पूरा करने के बाद वापस लौट रही थी, तब घटना हुई है। ऐसे में राजकार्य में बाधा का मुकदमा नहीं बनता। इसके अलावा अन्य धाराएं जमानती प्रकृति की हैं। प्रकरण राजनीतिक द्वेषता के चलते दर्ज किया गया है। ऐसे में उन्हें जमानत दी जाए। वहीं सरकारी अधिवक्ता ने कहा कि अमीन पठान पर डेढ़ दर्जन से अधिक मुकदमे लंबित हैं।

ऐसे में उन्हें जमानत का लाभ नहीं दिया जाए। इस पर बचाव पक्ष के वकील ने कहा कि जो मामले लंबित बताई जा रहे हैं, उनमें से अधिकांश में याचिकाकर्ता के खिलाफ कार्रवाई ड्रॉप हो चुकी है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत में जमानत अर्जी को स्वीकार कर लिया है।

## सार-समाचार

### देर रात तक खुली रहती हैं शराब की दुकानें



**देवली,** (निसं)। प्रदेश में जहां रात्रि को 8 बजे शराब की दुकान बंद किए जाने के नियम राज्य सरकार द्वारा लागू किए हुए हैं। पुलिस की अनदेखी के कारण उन्हीं नियमों को यहां शराब के कारोबारी ने दरकिनार किया हुआ है। आचार संहिता के बीच मामला यह है कि शहर सहित आसपास के क्षेत्र में सुबह 8 बजे से देर रात तक शराब की दुकानें खुली हुई रहती हैं। यहां बने ऐसे हालातों ने पुलिस प्रशासन की कानून व्यवस्था को खोखला साबित कर रखा है। आसपास के क्षेत्रवासियों ने बताया कि रात्रि 8 बजे बाद पुलिस की कमजोर गस्त के कारण देर रात तक शराब बेचने का कारोबार खुलेआम किया जाता है। वहीं सुबह 10 बजे से पहले शराब की दुकानों से शराब बिकना शुरू हो जाती है।

### तीन दिवसीय शीतला अष्टमी का पर्व मनाया



**फुलेरा,** (निसं)। फुलेरा में ठण्डे पकवानों की देवी का 3 दिवसीय शीतलाष्टमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान प्रथम दिवस पर रांधापोआ, दूसरे दिन शीतला सप्तमी और तीसरे दिन बोदरी माता की पूजा अर्चना की गई। क्षेत्र के पुराना फुलेरा एवं गांधी चौक के निकट स्थित प्राचीन शीतला माता मन्दिर पर सोमवार को रात्रि 12:15 बजे से ही महिलाओं ने माता के लोकप्रिय गीत गाते हुए पूजा अर्चना करना शुरू कर दिया था। गौरतलब है कि इस माता को सभी जाति व धर्म के लोगों ने आस्था व सद्भावना के साथ माता के प्रिय भोग रोटी राबड़ी सहित विभिन्न प्रकार के ठण्डे पकवानों का भोग लगाया। वहीं मन्दिर में तीसरे दिन बोदरी माता की भी पूजा की गई। साथ ही क्षेत्र में सुख शांति और समृद्धि की कामना की। इसके बाद पुजापा मन्दिर के पुजारी धन्ना लाल प्रजापति व दामोदर प्रजापति को देकर आशीर्वाद प्राप्त किया। मन्दिर के पुजारी धन्ना लाल प्रजापति ने बताया कि देवी देवताओं में केवल शीतला माता ही है कि जिसके ठण्डे पकवानों का भोग लगाया जाता है। जिसके लिए महिलाएं कई दिन पहले से ही तैयारीयों में जुट जाती हैं।

### मतदान का संदेश दिया



**टोंक,** (निसं)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश एवं लोकसभा आम चुनाव-2024 के मध्यनजर 26 अप्रेल को होने वाले मतदान दिवस को लेकर मंगलवार को मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, नरेगा साइट, महाविद्यालयों में मानव श्रृंखला बनाकर मतदान की शपथ दिलाई गई। साथ ही, रंगोली, मतदाता जागरूकता शपथ जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से स्वीप की गतिविधियां आयोजित की जाकर 26 अप्रैल को होने वाले मतदान दिवस पर अधिकाधिक मतदान करने का संदेश दिया गया।

# जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने जा रही है: भूपेंद्र



लोकसभा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव व तिजारा विधायक महंत बालक नाथ का माला पहनाकर स्वागत किया।

■ भाजपा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव ने किशनगढ़ बास के गांव ककराली से शुरू की यात्रा दो दर्जन से अधिक गांवों से होती हुई भिवाड़ी पहुंची

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। मोदी की गारंटी और क्षेत्र के विकास को लेकर जनता के बीच वोट मांगने के लिए जा रहे भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव ने मंगलवार को तिजारा विधानसभा क्षेत्र के गांव भिंडूसी में कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला और कहा कांग्रेस का जहाज डूब रहा है देश में दूर-दूर तक भी कांग्रेस को लेकर कोई संभावना नहीं बनी है कांग्रेस के लोग कांग्रेस को छोड़ छोड़ कर मोदी के साथ आ रहे हैं।

भूपेंद्र यादव ने राजस्थान की पिछली कांग्रेस सरकार के अशोक गहलोत पर आरोप लगाया कि केंद्र की मोदी सरकार ने जो बजट सरकार को भेजा उसे अशोक गहलोत ने कमीशन में विधायकों को बांट दिया और कांग्रेस को डुबा कर चले गए। गहलोत सरकार में जो लूट खसोट हुई है उसकी जांच अब भजनलाल की सरकार कर दोषियों को सजा देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा यह चुनाव देश की सरकार बनाने का चुनाव है। देश की जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने जा रही है। उन्होंने भरोसा देते हुए कहा देश की मोदी सरकार की विकास की योजनाओं को अलवर के शहर गांव में लाने का काम आपका सांसद बनकर करूंगा।

तिजारा विधायक महंत योगी बालक नाथ ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा चुनाव में लोग अफवाह फ़ैलाने का काम करेंगे हमें अफवाहों में नहीं आना है और भारत के निर्माण व विकास के लिए मोदी कैबिनेट में बैठने वाले भूपेंद्र यादव को अलवर से चुनने के लिए जा रहे हैं। 19 तारीख को एक भी वोट घर पर नहीं रहे सबको मतदान केंद्र पर जाकर वोट डालने और डलवाने हैं। जिससे पिछली बार से भी अधिक वोटो से तिजारा क्षेत्र से चुनाव जीते। उन्होंने कहा पूरे देश में जन-जन की जुबान पर एक ही बात है 400 पार और एक बार फिर से मोदी सरकार। लोकसभा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव ने जनसंपर्क यात्रा का शुभारंभ मंगलवार को किशनगढ़ बास क्षेत्र के नजदीक के गांव ककराली में स्थित बाबा गोवर्धन दास मंदिर से आशीर्वाद लेकर शुरू की। यह यात्रा गांव गोठड़ा गहनकर भिंडूसी राईखेड़ा शाहाबाद देवनारायण मंदिर माजरा हिंगवाहेड़ा असलीमपुर रादौकी इसरोदा आदि गांव से होती हुई रात को भिवाड़ी पहुंची। भिवाड़ी में लोकसभा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव ने पार्षदों की बैठक ली और पार्षदों को घर-घर जाकर वोट मांगने की अपील की। यात्रा के दौरान पूर्व सांसद डा. करण सिंह यादव पूर्व विधायक रामहेत यादव बहरोड़ विधायक जसवंत यादव मुंडावर विधायक मनजीत चौधरी पूर्व विधायक मामन सिंह यादव अंजली यादव सहित अनेक भाजपा नेता मौजूद रहे।

# शूटिंगबाल प्रतियोगिता में बौंली ने मारी बाजी



स्व. कुलदीप शर्मा स्मृति शूटिंगबाल प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

**लालसोट,** (निसं)। उपखंड अनुराग शूटिंगबाल क्लब लालसोट के तत्वावधान में तालेड़ा जमात में सम्पन्न हुई स्व. कुलदीप शर्मा स्मृति शूटिंगबाल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में बौंली ने सूरतपुरा की टीम को हरा कर रोमांचक जीत दर्ज की। क्लब द्वारा पिछले दिनों दिवंगत क्लब के सदस्य एवं शूटिंगबाल के खिलाड़ी रहे स्व. कुलदीप शर्मा की स्मृति में एक दिवसीय डे-नाइट प्रतियोगिता का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के अवसर पर अनुराग सेवा संस्थान के सचिव श्याम सुन्दर शर्मा ने कहा कि सभी खिलाड़ी हार जीत के भाव से उपर उठकर अपने श्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन कर दिवंगत को अपनी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करें। हेला ख्याल संगीत दंगल समिति के अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल ने कहा कि खेल व्यक्ति के जीवन के लिए बहुत जरूरी है। दौसा जिला शूटिंगबॉल संघ के उपाध्यक्ष दीपक पटेल, खुर्रा सरपंच विजय मीणा, वरिष्ठ खिलाड़ी मधुसूदन शर्मा, अमित स्वामी आदि ने सभी टीम कप्तानों का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा दिवंगत शर्मा को पुष्पांजलि अर्पित की। स्व. शर्मा की धर्मपत्नी संजू शर्मा ने इस खेले प्रतियोगिता का फीता काट कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता की विजेता टीमों को अनुराग सेवा संस्थान लालसोट के संस्थापक एवं शूटिंगबाल प्लेयर्स वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय संरक्षक सियाराम शर्मा व आयोजन समिति सदस्यों ने विजेता टीमों को ट्राफी, स्मृति चिह्न एवं नगद पुरस्कार राशि भेंट कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में बेस्ट शूटर कृष्ण शर्मा सूरतपुरा, बेस्ट डिफेंडर श्याम शर्मा बौंली , बेस्ट नेटर पवन शर्मा जमात को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र की 16 टीमों ने भाग लिया। जिसमें मुकेश पांचाल, सतीश अग्रवाल, दिलीप शर्मा, सिद्धार्थ शर्मा, वीं पी सिंह राजावत, जयप्रकाश वालिया आदि ने निर्णायक तथा अभिषेक जैमिनी व गोविन्द जांगिड़ ने स्कोरर की भूमिका निभाई तथा महेश पटेल व संस्थान के प्रेस सचिव अनुराग तिवाड़ी ने कंट्रोलर की भूमिका निभाई।